# भारत के तटीय पारस्थितिकी तंत्र का संरक्षण

## प्रलिम्सि के लयि:

CAG, पर्यावरण संरक्षण अधनियिम, तटीय वनियिमन क्षेत्र अधसिूचना, मन्नार की खाड़ी, कच्छ की खाड़ी

## मेन्स के लयि:

भारत के तटीय पारस्थितिकी तंत्र का संरक्षण और संबंधति मुद्दे

## चर्चा में क्यों?

हाल ही में भारत के **नयिंत्रक और महालेखा परीक्षक (CAG)** ने संसद में एक रपिोर्ट पेश कयिा कि क्या भारत के तटीय पारस्थितिकी तंत्र के संरक्षण के लयि **केंद्रीय पर्यावरण मंत्रालय द्वारा उठाए गए कदम सफल रहे हैं।**

- इस नवीनतम रपिोर्ट में **वर्ष 2015-20 से तटीय पारस्थितिकि तंत्र के संरक्षण के ऑडटि के अवलोकन शामलि हैं।**

## नयिंत्रक और महालेखा परीक्षक (CAG) द्वारा लेखापरीक्षा

- CAG के पास सार्वजनकि रूप से वति्त पोषति कार्यक्रमों की जाँच और रपिोर्ट करने का संवैधानकि अधकिार है।
- CAG ने "पूर्व-लेखापरीक्षा अध्ययन" कयिा और पाया कि तटीय क्षेत्रों में बड़े पैमाने पर तटीय वनियिमन क्षेत्र (CRZ) का उल्लंघन हुआ था।
    - उच्च ज्वार सीमा (HTL) से 500 मीटर तक की तटीय भूमि और खाड़यिों, लैगून, मुहाना, बैकवाटर और नदयिों के कनिारे 100 मीटर के क्षेत्र को ज्वारीय उतार-चढ़ाव के अधीन तटीय वनियिमन क्षेत्र (CRZ) कहा जाता है।
- मीडयिा ने अवैध नरि्माण गतवििधियिों (समुद्र तट की जगह को कम करने) और स्थानीय नकिायों, उद्योगों और जलीय कृषि फार्मों द्वारा छोड़े गए अपशष्टि की घटनाओं की सूचना दी, जसिसे वसि्तृत जाँच हुई।

## समुद्र तट के संरक्षण हेतु केंद्र ज़म्मिेदार:

- **परचिय:**
    - सरकार ने वशिेष रूप से नरि्माण के संबंध में भारत के तटों पर गतवििधियिों को वनियिमति करने हेतु **पर्यावरण संरक्षण अधनियिम, 1986** के तहत अधसिूचना जारी की है।
    - मंत्रालय द्वारा लागू **तटीय वनियिमन क्षेत्र अधसिूचना (CRZ) 2019,** बुनयिादी ढाँचा गतवििधियिों के प्रबंधन और उन्हें वनियिमति करने के लयि तटीय क्षेत्र को वभिनि्न क्षेत्रों में वर्गीकृत करता है।
        - **CRZ के कार्यान्वयन के लयि ज़म्मिेदार तीन संस्थान हैं:**
            - **केंद्र में राष्ट्रीय तटीय क्षेत्र प्रबंधन प्राधकिरण (NCZMA)**
            - **प्रत्येक तटीय राज्य और केंद्रशासति प्रदेश में राज्य / केंद्रशासति प्रदेश तटीय क्षेत्र प्रबंधन प्राधकिरण (SCZMAs / UTCZMAs) और**
            - **प्रत्येक ज़लि में ज़लिा स्तरीय समतिि (DLCs) जसिमें तटीय क्षेत्र है और जहाँ CRZ अधसिूचना लागू है।**
- **नकिायों की भूमकिा:**
    - ये नकिाय जाँच करते हैं कि क्या सरकार द्वारा दी गई CRZ मंज़ूरी प्रक्रयिा के अनुसार है, क्या डेवलपर्स परयिोजना को आगे बढ़ने के लयि शर्तों का पालन कर रहे हैं, और क्या **एकीकृत तटीय क्षेत्र प्रबंधन कार्यक्रम (ICZMP)** के तहत परयिोजना वकिास के उद्देश्य सफल हैं।
    - वे **सतत् वकिास लक्ष्यों** के तहत लक्ष्यों को प्राप्त करने की दशिा में सरकार द्वारा उठाए गए उपायों का भी मूल्यांकन करते हैं।

## लेखापरीक्षा परिणाम:

- **NCZMA स्थायी निकाय के रूप में :**
  - पर्यावरण मंत्रालय ने NCZMA को स्थायी निकाय के रूप में अधिसूचित नहीं किया था तथा इसे प्रत्येक कुछ वर्षों में पुनर्गठित किया जाता रहा था।
  - परिभाषित सदस्यता के अभाव में यह एक तदर्थ निकाय के रूप में कार्य कर रहा था।
- **विशेषज्ञ मूल्यांकन समितियों की भूमिका:**
  - परियोजना संबंधी विचार-विमर्श के दौरान विशेषज्ञ मूल्यांकन समितियों के मौजूद नहीं थे।
    - EAC वैज्ञानिक विशेषज्ञों और वरिष्ठ नौकरशाहों की एक समिति है जो एक बुनियादी ढाँचा परियोजना की व्यवहार्यता और इसके पर्यावरणीय परिणामों का मूल्यांकन करती है।
  - विचार-विमर्श के दौरान EAC के सदस्यों की कुल संख्या के आधे से भी कम होने के उदाहरण थे।
- **SCZMA का गठन नहीं किया गया:**
  - राज्य स्तर पर जहाँ राज्य तटीय क्षेत्र प्रबंधन प्राधिकरण (SCZMA) निर्णय लेते हैं, केंद्रीय लेखा परीक्षक ने उन उदाहरणों का अवलोकन किया जहाँ SCZMA ने संबंधित अधिकारियों को परियोजनाओं की सिफारिश किये बिना स्वयं ही मंज़ूरी दे दी थी।
  - इसके अलावा SCZMA ने अनिवार्य दस्तावेज प्रस्तुत किये बिना कई परियोजनाओं की सिफारिश की थी।
- **अपर्याप्तता के बावज़ूद परियोजनाओं की स्वीकृति:**
  - पर्यावरण प्रभाव आकलन (EIA) रिपोर्ट में अपर्याप्तता के बावजूद परियोजनाओं को मंज़ूरी दिये जाने के उदाहरण थे।
    - इनमें गैर-मान्यता प्राप्त सलाहकार शामिल थे जो EIA रिपोर्ट तैयार कर रहे थे, पुराने डेटा का उपयोग कर रहे थे, परियोजना के पर्यावरणीय प्रभावों का मूल्यांकन नहीं कर रहे थे, उन आपदाओं का मूल्यांकन नहीं कर रहे थे जिनसे परियोजना क्षेत्र प्रभावित था।

## राज्यों में समस्याएँ:

- **मन्नार की खाड़ी** द्वीप समूह के संरक्षण के लिये तमिलनाडु के पास कोई रणनीति नहीं थी।
- गोवा में प्रवाल भित्तियों की निगरानी के लिये कोई व्यवस्था नहीं थी और कछुओं के नेस्टिंग स्थलों के शिकार से संरक्षण के लिये कोई प्रबंधन योजना नहीं थी।
- गुजरात में कच्छ की खाड़ी के जड़त्वीय क्षेत्र की मिट्टी और पानी के भौतिक रासायनिक मापदंडों का अध्ययन करने के लिये खरीदे गए उपकरणों का उपयोग नहीं किया गया था।
- ओडिशा के केंद्रपाड़ा में गहिरमाथा अभयारण्य में समुद्री गश्त नहीं हुई।

## तटीय प्रबंधन के लिये भारतीय पहल:

- **सतत् तटीय प्रबंधन के लिये राष्ट्रीय केंद्र:**
  - इसका उद्देश्य पारंपरिक तटीय और द्वीपीय समुदायों के लाभ और कल्याण के लिये भारत में तटीय और समुद्री क्षेत्रों के एकीकृत एवं स्थायी प्रबंधन को बढ़ावा देना है।
- **एकीकृत तटीय क्षेत्र प्रबंधन योजना:**
  - यह स्थिरता प्राप्त करने के प्रयास में भौगोलिक और राजनीतिक सीमाओं सहित तटीय क्षेत्र के सभी पहलुओं के संबंध में एक एकीकृत दृष्टिकोण का उपयोग करके तट के प्रबंधन की एक प्रक्रिया है।
- **तटीय विनियमन क्षेत्र:**
  - CRZ को 'पर्यावरण संरक्षण अधिनियम, 1986' के तहत पर्यावरण और वन मंत्रालय (जिसका नाम अब पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय कर दिया गया है) द्वारा फरवरी-1991 में अधिसूचित किया गया था।

## आगे की राह:

- इन रिपोर्टों को संसद की स्थायी समितियों के समक्ष रखा जाता है, जो उन निष्कर्षों और अनुशंसाओं का चयन करती हैं जिन्हें वे जनहित के लिये सबसे महत्त्वपूर्ण मानते हैं और उन पर सुनवाई की व्यवस्था करते हैं।
- इस मामले में, पर्यावरण मंत्रालय से अपेक्षा की जाती है कि वह CAG द्वारा बताई गई खामियों की व्याख्या करे और उसमें संशोधन करें।

**निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये: (2019)**

पर्यावरण संरक्षण अधिनियम, 1986 भारत सरकार को सशक्त करता है कि

1. वह पर्यावरणीय संरक्षण की प्रक्रिया में लोक सहभागिता की आवश्यकता का और इसे हासिल करने की प्रक्रिया और रीति का विवरण प्रदान करे।
2. वह विभिन्न स्रोतों से पर्यावरणीय प्रदूषकों के उत्सर्जन या विसर्जन के मानक निर्धारित करे।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

(a) केवल 1
(b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों
(d) न तो 1 और न ही 2

**उत्तर: (b)**

**व्याख्या:**

- पर्यावरण प्रभाव आकलन (EIA) अधिसूचना, 2006 पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम, 1986 के प्रासंगिक प्रावधानों के तहत जारी की गई थी।
- EIA, परियोजना के प्रस्तावों की स्क्रीनिंग, स्कोपिंग, सार्वजनिक परामर्श और मूल्यांकन के लिये प्रदान किया जाता है।
- EIA के सबसे महत्त्वपूर्ण निर्धारकों में से एक किसी भी विकासात्मक परियोजना पर जन सुनवाई और जन भागीदारी की प्रक्रिया है।
- हालाँकि, पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम (EPA), 1986 में कहीं भी पर्यावरण संरक्षण के लिये सार्वजनिक भागीदारी का उल्लेख नहीं है। यह पर्यावरण की रक्षा के लिये केवल सरकारी अधिकारियों और प्रदूषकों से संबंधित है। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
- EPA, वर्ष 1986 केंद्र सरकार को प्रदूषण को रोकने और नियंत्रित करने के लिये सभी उचित उपाय करने और पर्यावरण की गुणवत्ता के संरक्षण और सुधार करने और पर्यावरण प्रदूषण को रोकने, कम करने और नियंत्रित करने के उद्देश्य से प्रभावी मशीनरी स्थापित करने का अधिकार देता है।
- EPA की 1986 की धारा 3, केंद्र सरकार को ऐसे स्रोतों से पर्यावरण प्रदूषकों के उत्सर्जन या निर्वहन की गुणवत्ता या संरचना के संबंध में विभिन्न स्रोतों से पर्यावरण प्रदूषकों के उत्सर्जन या निर्वहन के लिये मानक निर्धारित करने का अधिकार देती है। **अत: कथन 2 सही है।**

**अतः विकल्प (b) सही है।**

## स्रोत: द हिंदू

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/conserving-india-s-coastal-ecosystems